p>

Title: Issue regarding devastating flood situation in Bihar.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा) : माननीय अध्यक्ष जी, आज आपने सदन में मुझे बोलने का समय देकर मुझ पर बहुत बड़ा उपकार किया है । बाढ़ पर सारे बिहार के लोगों ने बोल लिया है । मेरा संसदीय क्षेत्र बाढ़ का केन्द्र है । मुझे लग रहा था कि अगर मुझे बोलने का मौका नहीं मिला, तो अनर्थ हो जाता ।

अध्यक्ष महोदय, आज सदन में भीषण बाढ़ जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे पर मुझे आपने बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी रहूंगा । दरभंगा, मधुबनी, सीतामढ़ी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, खगड़िया, शिवहर और पूर्वी चम्पारण, मुज़फ्फरपुर यानी उत्तर बिहार, जो मिथिला का क्षेत्र है, उसमें जबरदस्त रूप से आज कोसी, गंडक, कमला बलान, बागमती, जीवछ, खिरोई एवं करेह जैसी नदियां बहती हैं ।

महोदय, पिछले एक सप्ताह में पश्चिमी तटबंध टूटने से सात जगहों पर भारी पानी का बहाव आ गया है । दरभंगा जिले के तारडीह, मनीगाच्छी, अलीनगर, घनश्यामपुर, कीरतपुर, गौरा बौराम, हनुमान नगर, दरभंगा ग्रामीण के बेनीपुर, कुशेश्वर स्थान पूर्वी एवं पश्चिमी प्रखंडों में बाढ़ की विकराल स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे लाखों लोग बेघर व विस्थापित हो चुके हैं । वे लोग विभिन्न बांधों पर एवं पक्के मकानों पर रात गुज़ारने को मजबूर हो गए हैं । किसानों के मवेशियों के लिए चारा नहीं मिल रहा है । सभी फसलें नष्ट हो गई हैं । सभी सड़कें क्षत-विक्षत हो चुकी हैं । गरीबों के मकान ध्वस्त हो चुके हैं ।

माननीय अध्यक्ष: श्री मोहम्मद सादिक ।

माननीय सदस्य सूफी गायक हैं ।